an>

Title: Need to ensure financial security of customers who suffers loss due to cyber fraud and also to set up a mechanism to check the increasing incidents of cyber-fraud.

श्री रवीन्द्र कुमार राय (कोडरमा) ः देश में साईबर अपराधियों द्वारा बैंकों से ग्राहकों का रूपया निकालने की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। मेरे संसदीय क्षेत्र एवं देश के विभिन्न भागों में ग्राहकों के रूपये साईबर अपराधियों द्वारा निकाल लिए गए हैं। बगैर ए.टी.एम. नम्बर खाते की जानकारी व ओ.टी.पी. बताए रूपए निकले हैं। इस तरह की घटनाओं ने बैंक और ग्राहकों के सामने चुनौती खड़ी कर दी है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि साईबर क्राइम के इस तरह के मामलों में जो रूपया निकलता है, उसको बैंक द्वारा खाताधारकों को लौटाने की व्यवस्था व ग्राहकों के रूपयों की रक्षा की पूरी जिम्मेदारी बैंक पर सुनिश्चित की जानी चाहिए। साईबर अपराधियों पर कार्यवाही के लिए एक राष्ट्रीय हैल्पलाईन नम्बर जारी किया जाना चाहिए तथा उनके विरूद्ध त्वरित कार्यवाही हो इसकी व्यवस्था की जानी चाहिए।